क्विकर

हथियारों के डिपो में ब्लास्ट, 39 मरे

बेरुत,एजेंसी, 14 अगस्त-सीरिया के उत्तरी हिस्से में हुए एक विस्फोट में 39 लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य जख्मी हुए हैं. तुर्की की सरहद के पास सरमदा गांव में विस्फोट हुआ. विस्फोट की वजह से पांच मंजिला इमारत गिर गई जिसमें कई लोग दब गए. एक इमारत के तहखाने में हथियारों का डिपो था जिसमें विस्फोट हो गया. यह डिपो अल कायदा से संबद्ध लेवंत लिबरेशन कमेटी के करीबी एक हथियारों के सौदागर है.

ब्रिटेन की संसद के समीप हादसा

लंदन,एजेंसी, 14 अगस्त-ब्रिटेन में संसद भवन के बाहर मंगलवार को एक कार सुरक्षा अवरोधकों से टकराई जिसमें वहां से गुजर रहे कई लोग घायल हो गए. स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस ने तुरंत पुरुष ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया. अभी यह पुष्टि नहीं की है कि यह किस तरह का हमला था और क्या इसका संबंध किसी आतंकवादी समूह से है. यह घटना सुबह स्थानीय समयानुसार 7:37 बजे हुई.

भारतीयों सहित 100 हिरासत में

न्यूयॉर्क,एजेंसी, 14 अगस्त-अमेरिकी सीमा गश्त और आव्रजन अधिकारियों ने अवैध रूप से देश में प्रवेश करने और रहने वालों के खिलाफ अलग अलग कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है. इसमें कुछ भारतीय भी शामिल हैं. एजेंसी ने अभियान के दौरान गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों की कुल संख्या का ब्योरा नहीं दिया है. अभियान के दौरान गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों के खिलाफ अवैध रूप से प्रवेश और निर्वासन के बाद दोबारा अवैध तरीके से प्रवेश के लिए संघीय आपराधिक मुकदमा चलाया जाएगा.

मुखबिरी के शक में युवक की हत्या

जमुई,एजेंसी, 14 अगस्त-चंद्रमण्डीह थाना क्षेत्र के सतपोखरा मंदिर के समीप नक्सलियों ने एक युवक की गला रेत कर हत्या कर दी. मृतक की पहचान लखीसराय के विरुपुर थाना क्षेत्र के रायपुरा गांव निवासी छोटू कुमार के रूप में हुई है. नक्सलियों ने लिखी पर्ची में मृतक को पुलिस का जवान बताया था.वहीं, नक्सलियों के पोस्टर में लिखा है कि पार्टी विरोधी, जन विरोधी काम करने वाले को यही सजा मिलेगी. निवेदक के रूप में भाकपा माओवादी लिखा है.

सड़क हादसे में 4 कांवरियों की मौत

सासाराम,एजेंसी, 14 अगस्त-जिला के चेनारी में सड़क हादसे में 4 कावरियों की मौत हो गई. जबकि दो कांवरियां गंभीर रूप से जख्मी हो गए. सभी मृतक आरा के बिलाव के रहने वाले हैं. सभी कांवरियां एक पिकअप में सवार होकर चेनारी के गुप्ता धाम से जलाभिषेक कर लौट रहे थे. इसी दौरान चिंहारी के टिकारी के पास एनएच-02 पर एक कंटेनर से भिड़ंत हो गई. इसके बाद यह हादसा हुआ.

एलओसी के पास विस्फोट, दो शहीद

श्रीनगर,एजेंसी, 14 अगस्त-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के नजदीक पिछले 24 घंटों में अलग-अलग विस्फोटों में सेना के दो जवानों की मौत हो गई है.कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के नजदीक एक विस्फोट में सिपाही पुष्पेंद्र कुमार की तथा उरी सेक्टर में हुए एक अन्य विस्फोट में 4 गढ़वाल राइफल्स के कुलदीप सिंह रावत की मौत हो गई.

इस बार एक साथ चुनाव संभव नहीं

पटना,एजेंसी, 14 अगस्त-बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि इस बार के चुनाव में वन नेशन वन इलेक्शन संभव नहीं है. क्योंकि इसके लिए विपक्ष तैयार नहीं है. पटना में एससी-एसटी कार्यक्रम से निकलने हुए सीएम ने यह बात कही. उन्होंने कहा कि इसके लिए चुनाव आयोग को पहल करनी होगी. साथ ही देश के तमाम राजनीतिक दलों को इस मुद्दे पर एक होना होगा, लेकिन विपक्ष अभी इसके लिए तैयार नहीं है.

शेहला रशीद को माफिया डॉन की धमकी..

बंद रखो अपना मुंह, वरना...

श्रीनगर, एजेंसी, 14 अगस्त-वामपंथी व छात्र नेता शेहला रशीद शोरा ने मंगलवार को माफिया डॉन रवि पुजारी पर कथित रूप से धमकाने के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है. शेहला ने यह कदम जेएनयू के छात्र नेता उमर खालिद पर कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के बाहर हुए हमले के एक दिन बाद उठाया है. शेहला ने ट्विटर पर लिखा-राइट विंग के हिंदुत्ववादी कट्टरपंथी रवि पुजारी से मुझे मारने की यह धमकी मिली. उसने उमर खालिद, जिग्नेश मेवाणी और मुझे डिजिटल इंडिया का इस्तेमाल करते हुए एसएमएस पर चुप रहने की धमकी दी है. एफआईआर संख्या 45/2018 यू / एस (धारा के तहत) 506 आरपीसी जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा मेरी शिकायत पर रवि पुजारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. उन्होंने कहा कि पुजारी ने उन्हें धमकी देते हुए कहा कि खालिद और दलित नेता जिग्नेश मेवाणी को भी चुप रहना चाहिए.

शेहला ने ट्विटर पर यह स्क्रीनशॉट शेयर किया है.इसमें लिखा है- बस अपना मुंह बंद रखो वरना हम हमेशा के लिए तुम्हारा मुंह बंद कर देंगे. उमर खालिद और जिग्नेश मेवाणी को भी बता दो. माफिया डॉन रवि पुजारी.

जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा कड़ी

जम्मू,एजेंसी, 14 अगस्त-राज्य में हो रहे आतंकी हमलों के मद्देजनर आईजीपी जम्मू, एसडी सिंह जामवाल ने बयान दिया. उन्होंने कहा कि हमने एलओसी और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये हैं. अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को इस ओर भेजने की कोशिश करेगा हमारी ओर से उचित जवाब मिलेगा.जामवाल ने कहा कि भारतीय सेना और बीएसएफ के जवानों को हर जगह तैनात किया गया है. यदि पाकिस्तान फिर से अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आया और आतंकियों को इस ओर भेजने की कोशिश करेगा, तो हम भी चुप नहीं बैठेंगे और उचित जवाबी कार्रवाई करेंगे.

टूट जाएगी फौज की हिम्मत

दिल्ली, एजेंसी, 14 अगस्त-सेना के करीब 350 जवानों और अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई या पुलिस द्वारा जांच का विरोध किया है. सेना ने ये विरोध आतंकियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के खिलाफ सीबीआई या पुलिस जांच के आदेश को लेकर जताया है.

जवानों और अधिकारियों की तरफ से वकील ऐश्वर्या भाटी ने चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए कहा कि ऐसे ऑपरेशन की सीबीआई जांच का आदेश देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक है. ऐश्वर्या भाटी ने इस याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने इस याचिका पर 20 अगस्त को सुनवाई करने का आदेश दिया.

एएफएसपीए सुरक्षा

याचिका में कहा गया है कि आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल प्रोटेक्शन एक्ट (एएफएसपीए) से सेना को गड़बड़ी वाले इलाकों में आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने के दौरान सुरक्षा मिली हुई है.अगर इन कार्रवाईयों में सेना की जांच सीबीआई करेगी तो उनके मनोबल पर असर पड़ेगा.

याचिका में मणिपुर में कथित फर्जी एनकाउंटर मामलों की जांच के लिए सीबीआई जांच कराने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का विरोध किया गया है.

पीएनबी घोटाला

ऊषा नौकरी से बर्खास्त

दिल्ली, एजेंसी, 14 अगस्त-सरकार ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और इलाहाबाद बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) ऊषा अनंतसुब्रमण्यम को रिटायरमेंट से 1 दिन पहले तत्काल प्रभाव से नौकरी से बर्खास्त कर दिया है.

अनंतसुब्रमण्यम

पीएनबी घोटाला सामने आने के बाद 3 महीने पहले ही अनंतसुब्रमण्यम से इलाहाबाद बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के तौर पर उनके सभी अधिकार वापस ले लिए गए थे. घोटाला सामने आने के समय वो इलाहाबाद बैंक की प्रबंध निदेशक और सीईओ थीं.

पीएनबी के लगभग 14 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का मास्टरमाइंड भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी, उसके मामा मेहुल चोकसी और पीएनबी में उनके सहयोगियों को माना जा रहा है.

चार्जशीट में आरोपी

इलाहाबाद बैंक में जाने से पहले अनंतसुब्रमण्यम पीएनबी की प्रबंध निदेशक और सीईओ थीं. सीबीआई ने लगभग 14 हजार करोड़ रुपए के पीएनबी घोटाले में जो आरोपपत्र (चार्जशीट) दायर किया था उसमें अनंतसुब्रमण्यम को भी आरोपी बनाया गया है.

क्या है आरोप

आरोप है कि अनंतसुब्रमण्यम पीएनबी के प्रबंध निदेशक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करने में नाकाम रहीं. इसी वजह से पीएनबी की मुंबई स्थित ब्रैडी हाउस शाखा में स्विफ्ट प्रक्रिया का दुरूपयोग करते हुए घोटाला किया गया.अनंतसुब्रमण्यम के अलावा सरकार ने बैंकिंग सिस्टम को साफ-सुथरा करने की कवायद के तहत पीएनबी के कार्यकारी निदेशक संजीव शरण के खिलाफ भी अभियोजन (केस) चलाने की मंजूरी दी है.

भारत में हमलों की तैयारी

अल कायदा तलाश रहा मौका : यूएन रिपोर्ट

वॉशिंगटन,एजेंसी, 14 अगस्त-यूएन ने भारत और मध्य एशियाई देशों को चेतावनी देते हुए एक रिपोर्ट जारी की है. इसमें अल कायदा और आईएसआईएस को इलाके के लिए बड़ा खतरा बताया गया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, आतंकी संगठन अल कायदा भारत में अपने हमले तेज करने की हरसंभव कोशिश कर रहा है. इस काम में इसका नया संगठन अल कायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) लगा हुआ है.

रिपोर्ट के मुताबिक, यह संगठन भारत के अंदर हमले करने की पूरी तैयारी में है लेकिन हाल में क्षेत्र में बढ़ी सुरक्षा की वजह से उसकी हर बड़ी कोशिश फेल हो रही है. रिपोर्ट में इस्लामिक स्टेट इन इराक ऐंड लेवंत (आईएसआईएल) का भी जिक्र है. आईएसआईएस नाम से जाना जाने वाला यह संगठन मध्य एशियाई देशों के लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर सकता है.

यह रिपोर्ट ऐनालिटिकल सपॉर्ट ऐंड सैंक्शन मॉनिटरिंग टीम द्वारा यूएन सिक्यॉरिटी काउंसिल अल कायदा सैंक्शन कमिटी को सौंपी गई है. यह मॉनिटरिंग टीम इस्लामिक स्टेट, अल कायदा और बाकी संगठनों की जानकारी देनेवाली एक रिपोर्ट हर छह महीने में देती है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकी संगठन इस इंतजार में है कि कब सुरक्षा में कोई चूक हो और वह उसका हरसंभव फायदा उठा ले. रिपोर्ट के मुताबिक, अल कायदा भले ही पहले से कमजोर हुआ हो लेकिन उसने अब भी साउथ एशिया में अपनी जड़े जमाई हुई हैं और वह भारत में हमले के लिए लोकल सपॉर्ट की तलाश में है.रिपोर्ट में अलकायदा का जिक्र कर बताया गया है कि उसके कुछ प्रमुख सदस्य जैसे अयमान अल जवाहिरी और ओसामा बिन लादेन का बेटा हमजा बिन लादेन अफगानिस्तान-पाकिस्तान के बॉर्डर के आसपास इलाकों में छिपे हुए हैं.

पाक का झंडा लपेटा : निशाने पर पीआईए

विमान में किकी चैलेंज

इस्लामाबाद, एजेंसी, 14 अगस्त-पोलैंड की पर्यटक इवा बियांका जुबेक द्वारा शरीर पर पाकिस्तानी झंडा लपेटकर खाली विमान में शरीर पर पाकिस्तानी झंडा लपेटकर किकी चैलेंज पूरा करने के प्रमोशनल विडियो के वायरल होने के बाद से पाकिस्तान इंटरनैशनल एयरलाइंस (पीआईए) की काफी आलोचना हो रही है.

एयरलाइन ने उस विडियो को साझा करते हुए ट्वीट कर कहा था- पोलैंड/इंग्लैंड की इवा जुबेक दुनियाभर की यात्रा कर रही हैं, लेकिन अब उनका दिल पाकिस्तान में बस गया है. वह पाकिस्तानी एयरलाइंस पीआईए को एक्सप्लोर कर रही हैं. वह स्वंतत्रता दिवस का जश्न उस शैली में मना रही हैं, जो दुनिया में इससे पहले कभी नहीं करने की कोशिश की गई.

हालांकि, राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (नैब) ने बाद में कहा कि इस महिला ने न सिर्फ पाकिस्तानी झंडे का अपमान किया, बल्कि राष्ट्रीय एयरलाइंस के सुरक्षा कोड का भी उल्लंघन किया है. नैब के प्रवक्ता ने कहा-हम जानना चाहते हैं कि किसने इस महिला को खाली विमान के अंदर जाने दिया और हवाईअड्डे पर डांस करने दिया.नैब इस मामले में पीआईए प्रबंधन के नजरिए को जानने के लिए आधिकारिक रूप से बुधवार को पीआईए को एक पत्र भेजा.

दिल्ली : बुधवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गड़करी ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान का श्रीगणेश किया. कार्यक्रम में अभियान के ब्रांड एम्बेसेडर अभिनेता अक्षय कुमार को सम्मानित किया गया.

एफबीआई ने ट्रंप विरोधी एजेंट को निकाला

वॉशिंगटन,एजेंसी, 14 अगस्त-संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने अपने एजेंट पीटर स्ट्रजोक को अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के खिलाफ टेक्स्ट संदेश भेजने के आरोप में निकाल दिया. पीटर ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 2016 के दौरान एक टेक्स्ट संदेश में कहा था कि वह ट्रंप को वाइट हाउस पहुंचने से रोकने में मदद करेंगे.पीटर को निकाले जाने का फैसला उनके निजी संदेश के वायरल होने के महीनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने अपनी प्रेमिका से 2016 के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर ट्रंप की उम्मीदवारी के संबंध में चर्चा की थी.

स्टालिन नहीं कोई देवता

पार्टी पर है अच्छी पकड़ : सुब्रमण्यम स्वामी

चेन्नई,एजेंसी, 14 अगस्त-एम करुणानिधि के निधन के बाद द्रविड़ मुनेत्र कडगम (डीएमके) की बागडोर और उनके उत्तराधिकार को लेकर एमके स्टालिन और अड़ागिरि के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है.इसी सिलसिले में यहां एक आपात बैठक बुलाई गई, इस बैठक में स्टालिन और अड़ागिरि दोनों मौजूद थे.

इस बीच मामले पर बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि बेटो में ईर्ष्या होती है. एक अच्छा करता है, दूसरे को जलन हो जाती है. अड़ागिरि जो हैं वो तो कोई राजनीतक नहीं हैं, वो तो दादा हैं. जमीन हड़प करना, धमकाना, मर्डर करना, यही उसका काम है. उन्होंने आगे कहा-स्टालिन भी कोई देवता नहीं है, साधू -संत नहीं है. लेकिन संगठन में उसकी बहुत पकड़ है. उन्होंने सारा जीवन संगठन बनाने में दिया. पिताजी के साथ सारी मीटिंग वहीं ऑर्गनाइज करते थे.

आजादी : अटारी-वागा बॉर्डर में बंटी मिठाइयां

अटारी,एजेंसी, 14 अगस्त-पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अटारी- वागा बॉर्डर पर खुशनुमा माहौल देखने को मिला. हर साल की तरह इस बार भी पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों को मिठाई बांटी. 14 अगस्त को पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है. वहीं 15 अगस्त के दिन भारत की ओर से भी ऐसा ही किया जाता है.भले ही भारत- पाकिस्तान के संबंधों में कड़वाहट है, लेकिन इन दो दिनों में दोनों ही मुल्क अपनी-अपनी खुशी एक दूसरे साझा करते हैं.

---

5 लाख रुपए जीतो

स्पर्धा : गूगल का डूडल बनाइए

बेंगलुरु, एजेंसी, 14 अगस्त-गूगल ने डुगल फॉर गुगल प्रतियोगिता की घोषणा की है. इस प्रतियोगिता में देश भर के कला प्रेमी छात्रों को अपनी कल्पनाशीलता को गूगल के डूडल में आकार देने का मौका मिलेगा.

जीतने वाले को बतौर इनाम 5 लाख रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी.

प्रतियोगिता में सर्च इंजन का बड़ा सा लोगो बनाने के लिए सभी छात्रों से आवेदन मांगे गए हैं. इस साल इस प्रतियोगिता की थीम रखी गई है, आप को क्या प्रेरित करता है. डूडल में शामिल अक्षरों को क्रेयॉन्स, क्ले, वाटर कलर्स, ग्राफिक डिजायन से कुछ भी क्रिएटिव करके सजाना है.

कंपनी की ओर से जारी आधिकारिक बयान में बताया गया है कि जीतने वाले बच्चे को 5 लाख रुपए की स्कॉलरशिप जीतने के अलावा अपनी रचनात्मकता को कंपनी के साथ साझा करने का भी मौका मिलेगा.

गेस्ट जजों के पैनल के अलावा इसमें गूगल की डूडल टीम के लीडर रेयान जर्मिक इस साल खुद एंट्रीज को देखेंगे. सभी लोग मिलकर टॉप 20 डूडल्स को सिलेक्ट करेंगे. उसके बाद इस डूडल्स को 23 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच पब्लिक वोटिंग के लिए रखा जाएगा.

इस प्रतियोगिता में कक्षा से 1 से 10 तक के छात्र भाग ले सकते हैं. जीतने वाले डूडल को गूगल के होमपेज पर बाल दिवस के अवसर पर प्रदर्शित किया जाएगा. अपनी क्रिएटिव आर्ट को जमा करने की आखिरी तारीख 6 अक्टूबर है.